**तस्करी** दो आरोपी ओडिशा और एक बालाघाट का, कई राज्यों में करते थे सप्लाई

# 21 किलो गांजा सहित इंटरस्टेट तस्करी गिरोह का भंडाफोड़



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट की रामपायली पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 5 लाख रुपए कीमत का 21 किलो गांजा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों ने कुबूल किया है कि वे ओडिशा के एक गिरोह से जुड़े हैं, जो मध्य प्रदेश और गुजरात समेत कई राज्यों में नशीले पदार्थों की सप्लाई करता है।

यह कामयाबी रामपायली पुलिस को 5 अप्रैल को वाहन चेकिंग के दौरान मिली। दिनी-लिंगमारा रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्धों को जब रोका गया, तो तलाशी में उनके पास से भारी मात्रा में गांजा मिला। पुलिस ने तुरंत गांजा और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों में दो ओडिशा के रहने वाले हैं और एक स्थानीय व्यक्ति है।

मिकेन्द्र उर्फ मुकेश देव (28 वर्ष), निवासी ओडिशा, दिलीप सुना (32 वर्ष), निवासी ओडिशा,

मुन्ना बर्वे (54 वर्ष), निवासी भटेरा, बालाघाट।

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के कारोबार पर एक बड़ा प्रहार है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। रविवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने पूछताछ के लिए उन्हें 13 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है।

पुलिस अब तस्करों से यह जानने की कोशिश कर रही है कि वे ओडिशा में किससे गांजा खरीदते थे और आगे किन-किन लोगों को बेचते थे। इस गिरोह के बाकी सदस्यों की भी तलाश की जा रही है ताकि नशे के इस पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके।

# बालाघाट में मेगा डीएसएन कोर्स सफलतापूर्वक आयोजित

**जब भीतर के 'शिवाजी' जागते है, तब उभरती है असली नेतृत्व क्षमता**



**नवभारत, बालाघाट।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा बालाघाट में आयोजित मेगा डीएसएन (दिव्य समाज निर्माण) कोर्स स्थानीय हरिमंगलम लॉन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डीएसएन प्रोग्राम के माध्यम से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास की मजबूती, नेतृत्व क्षमता का विकास तथा जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रेरणा जागृत हुई। कार्यक्रम का मूल भाव यही रहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर अपार शक्ति और संभावनाएं निहित हैं, जिन्हें जागृत कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। 'भीतर के शिवाजी को जगाने' की विशेष तकनीकों के माध्यम से प्रतिभागियों में साहस, संकल्प और नेतृत्व का भाव विकसित किया गया।

इस कोर्स के दौरान प्रतिभागियों ने अनुभव किया कि डीएसएन उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में अत्यंत प्रभावी है। संवाद कौशल में निखार आता है, जिससे व्यक्ति अपनी बात को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से रख पाता है। सेवा के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा मिलती है। योग, प्राणायाम एवं ज्ञान के अभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन मजबूत बनता है।

डीएसएन प्रोग्राम व्यक्ति के भीतर नेतृत्व क्षमता को जागृत करता है, जिससे वह न केवल स्वयं के जीवन में बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भी प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार होता है। प्रतिभागियों ने साझा किया कि उनके भीतर आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वे अब अधिक साहस के साथ चुनौतियों का सामना कर पा रहे हैं।

इस कोर्स के माध्यम से निर्णय लेने की क्षमता भी सशक्त होती है, जिससे व्यक्ति जीवन के महत्वपूर्ण फैसले स्पष्टता और दृढ़ता के साथ ले पाता है। साथ ही कमिटमेंट पावर (प्रतिबद्धता) में वृद्धि होती है, जिससे व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर उसे पूर्ण करने की क्षमता विकसित करता है।

कार्यक्रम में यह भी अनुभव किया गया कि जीवन में जो भय, संकोच और पुरानी नकारात्मक आदतें व्यक्ति को आगे बढ़ने से रोकती हैं, उनसे बाहर निकलने में डीएसएन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कोर्स व्यक्ति को अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर नई ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा देता है।

इस मेगा डीएसएन कोर्स का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक आनंद राजेंद्रन जी के सान्निध्य में हुआ। वे विशेष रूप से डीएसएन और अन्य उन्नत कोर्सेस के लिए जाने जाते हैं। उनकी ऊर्जावान, प्रेरणादायक और गहराई से परिवर्तन लाने वाली शिक्षण शैली प्रतिभागियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है।

# युवा कवि पंकज जुगनू को मिलेगा साहित्य संगम संस्था का स्व. प्रतीकराज कनोजे स्मृति उत्साही युवा सम्मान



**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा तहसील के चीनी ग्राम के युवा कवि पंकज जुगनू को साहित्य और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए 'स्व. प्रतीकराज कनोजे स्मृति उत्साही युवा सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान बालाघाट जिले के तिरोड़ी की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम द्वारा आयोजित 23वें राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन में प्रदान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार पंकज जुगनू लंबे समय से साहित्य सृजन के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सक्रियता को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया है।राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन 12 अप्रैल को जिला बालाघाट के तिरोड़ी स्थित मॉयल भवन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर देशभर के विभिन्न राज्यों के लगभग 12 कवियों, लेखकों, पत्रकारों और विद्यार्थियों को भी विभिन्न सम्मानों से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे साहित्यकारों के पंजीकरण से होगी।

## पवन कोठारी अध्यक्ष नियुक्त



**नवभारत कटंगी।** गुरु गणेश पौषध शाला ट्रस्ट के नए अध्यक्ष के रूप में पवन कोठारी का चयन किया गया है। 5 अप्रैल को सुबह भोजन शाला परिसर में कटंगी में जैन समाज ने आयोजित बैठक में यह निर्णय बहुमत से लिया है। जैन समाज ने अपील की कि नए अध्यक्ष का स्वागत एवं सहयोग करें ताकि ट्रस्ट के कार्य और भी सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

# आज प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह बालाघाट दौरे पर

**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह 6 अप्रैल को जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जल संरक्षण, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह प्रात: 10:30 बजे बंजर टोला से मलाजखंड के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रात: 10:50 बजे मलाजखंड पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसके पश्चात वे प्रात: 11:30 बजे मलाजखंड से बालाघाट के लिए रवाना होंगे और दोपहर 1:00 बजे बालाघाट स्थित अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

दोपहर 2:00 बजे प्रभारी मंत्री श्री सिंह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके बाद अपराह्न 4:00 बजे वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट के मैदान में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह अपराह्न 4:30 बजे बालाघाट से गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शाम 6:10 बजे गोंदिया से राजधानी एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए रवाना होंगे। प्रभारी मंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 32 गांवों की माटी-जल से हुआ भूमि सुपोषण कार्यक्रम



**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड वारासिवनी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी में संगोष्ठी एवं भूमि सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत वारासिवनी क्षेत्र के 32 गांवों से पवित्र माटी एवं जल एकत्रित कर विधिवत माटी पूजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण, सामूहिक सहभागिता, स्वालंबन एवं स्वैच्छिकता के भाव से जन-जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता नयनसुख ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भूमि सुपोषण कार्यक्रम एक पवित्र और आवश्यक पहल है। उन्होंने बताया कि रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति घट रही है, जिससे फसलों के पोषक तत्व कम हो रहे हैं और विभिन्न बीमारियां बढ़ रही हैं। ऐसे में प्राकृतिक तरीकों से भूमि को पुन: सुपोषित करना जरूरी है।

वहीं सुरेंद्र कुमार भगत ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि अभी से पानी की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास नहीं किया गया, तो आने वाला समय गंभीर संकट का रूप ले सकता है। उन्होंने 'जल नहीं तो कल नहीं' का संदेश देते हुए जल संरक्षण के छोटे-छोटे उपाय जैसे वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान एवं सोख्ता गड्ढों के निर्माण पर जोर दिया।

# किरनापुर में अवैध रेत खनन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त



**नवभारत, किरनापुर।** बालाघाट जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 5 अप्रैल 2026 को खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने किरनापुर तहसील क्षेत्र में आकस्मिक जांच कार्रवाई की।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल एवं शुभम बोपचे के साथ थाना किरनापुर पुलिस बल द्वारा दोपहर के समय ग्राम हिर्री एवं मुंडेसरा स्थित सोन नदी एवं बाघ नदी क्षेत्र में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिन्हें तत्काल जब्त कर थाना किरनापुर की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है।

कार्रवाई के दौरान ग्राम हिर्री स्थित सोन नदी में बिना नंबर का ट्रैक्टर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाया गया। वाहन चालक आशीष बिरनवार, निवासी ग्राम हिर्री तहसील किरनापुर है।

ग्राम मुंडेसरा स्थित बाघ नदी में ट्रैक्टर क्रमांक स्क्क-50-क्क-4552 को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक शुभम यादव, निवासी वार्ड नंबर 1 किरनापुर है।

दोनों मामलों में संबंधित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। खनिज विभाग के अनुसार, उक्त प्रकरणों में मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# वारासिवनी में पहली बार लगा रोजगार मेला, 1500 युवाओं ने लिया हिस्सा



**नवभारत, वारासिवनी।** 4 अप्रैल को वारासिवनी स्थित शंकरसाव कॉलेज में पहली बार बड़े स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में वारासिवनी, खैरलांजी और कटंगी क्षेत्र के करीब 1500 युवाओं ने भाग लेकर अपना पंजीयन कराया और विभिन्न कंपनियों के इंटरव्यू में शामिल हुए।

रोजगार मेले में Tata Electronics, Yazaki Corporation, Fo&conn, रायल इनफिल्ड अहमदाबाद एवं ख्icro and Company के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इन कंपनियों द्वारा युवाओं के इंटरव्यू लिए गए, जिसमें 1000 से अधिक युवाओं को जॉब ऑफर प्रदान किए गए।

इस रोजगार मेले का आयोजन कलेक्टर श्री मृणाल मीना की पहल पर किया गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के कई युवा पहले से ही बड़ी कंपनियों में कार्यरत हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वारासिवनी क्षेत्र में अब तक इस प्रकार का रोजगार मेला आयोजित नहीं हुआ था, इसलिए यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह मेला युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाघाट जिले के अनेक युवा Tata Electronics, बेंगलुरु एवं Yazaki Corporation, अहमदाबाद में कार्यरत हैं। जिला प्रशासन लगातार इन युवाओं के संपर्क में है और उनसे संवाद करता रहता है। उन्होंने बताया कि जब भी कोई नया युवा रोजगार के लिए बाहर जाता है, तो जिला प्रशासन एवं पुलिस की टीम भी उनके साथ जाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं मिल रही हैं और कंपनी विश्वसनीय है।

कार्यक्रम में विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, महाविद्यालय की प्राचार्य डा सरिता कोल्हटकर मेले के समन्वयक श्री आशिष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रोजगार मेले के सफल आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह का माहौल देखा गया और उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद जगी है।

# विधायक अनुभा मुंजारे को आचरण समिति में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया



**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश विधानसभा की आचरण समिति (2026-2027) के लिए बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे को आचरण समिति में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

श्रीमती मुंजारे ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह नियुक्ति उनके प्रति व्यक्त विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे इस दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगी। उनका मानना है कि विधानसभा की आचरण समिति सदन की गरिमा, अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में इस समिति का सदस्य बनना उनके लिए गर्व की बात है।

उन्होंने आगे कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए आवश्यक है कि जनप्रतिनिधि अपने आचरण से उच्च मानक स्थापित करें। आचरण समिति का उद्देश्य भी यही है कि सदन के सभी सदस्य मर्यादित और जिम्मेदार व्यवहार करें, जिससे जनता का विश्वास लोकतांत्रिक व्यवस्था में बना रहे।

श्रीमती मुंजारे का राजनीतिक और सामाजिक जीवन सक्रिय रहा है। बालाघाट क्षेत्र में वे जनसमस्याओं के समाधान, विकास कार्यों और सामाजिक सरोकारों के लिए जानी जाती हैं। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्रवासियों में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि वे इस नई जिम्मेदारी के साथ न्याय करेंगी और प्रदेश स्तर पर भी अपनी प्रभावी भूमिका निभाएंगी।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार,अनुभा मुंजारे की यह नियुक्ति उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। इससे न केवल उनके राजनीतिक कद में वृद्धि होगी, बल्कि विधानसभा की कार्यप्रणाली को भी मजबूती मिलेगी।

कुल मिलाकर, यह नियुक्ति मध्य प्रदेश विधानसभा के सुचारू संचालन और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में देखी जा रही है।

# 50 बिस्तरों के नए अस्पताल का सांसद ने किया भूमिपूजन

**कंटगी को मिली बड़ी सौगात, 10 करोड़ की लागत से बनेगा भवन**



**नवभारत कटंगी 5 अप्रैल।** शहर के शासकीय अस्पताल परिसर में 4 अप्रैल को 50 बिस्तरों वाले नए अस्पताल निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। करीब 10.42 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह अस्पताल आने वाले समय में क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक गौरव पारधी ने की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की प्राथमिकता : भारती पारधी

सांसद भारती पारधी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है और आमजन तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का भी उल्लेख किया। सांसद ने कंटगी विधायक गौरव पारधी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में उनकी सक्रिय भूमिका सराहनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी तरह के प्रयासों से कंटगी में विकास की रफ्तार और तेज होगी।

### 100 बिस्तरों की दिशा में पहला कदम : विधायक

विधायक गौरव पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने क्षेत्र के लिए 100 बिस्तरों के अस्पताल की मांग रखी थी। फिलहाल 50 बिस्तरों की स्वीकृति मिली है, लेकिन बाकी 50 बिस्तर भी जल्द स्वीकृत होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अब कंटगी शहर के विकास कार्यों को गति दी जा रही है। बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण और सब्जी मंडी के विस्थापन जैसी योजनाएं भी पाइपलाइन में हैं, जिससे शहर की तस्वीर बदलेगी।

### शहर के साथ गांवों में भी विकास कार्य जारी

इसी क्रम में ग्राम पंचायत चिकमारा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी विधायक गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। लंबे समय से सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह कार्य राहत भरा साबित होगा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताई और उम्मीद व्यक्त की कि इससे आवागमन सुगम होगा तथा गांव के विकास को नई गति मिलेगी।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में केशर बिसेन, मेष देशमुख, महेंद्र बाहेश्वर, परसराम नागेश्वर, अजय मेश्राम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, जनपद सदस्य सुरमन सुखराम राउत, सरपंच अनीता मदनलाल गेडाम, उपसरपंच परसराम नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


## ग्राम पंचायत हरदोली जनपद पंचायत कटंगी

**निविदा सूचना**

**1. निविदा विषय:-** ग्राम पंचायत हरदोली में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा, वीबी जी राम जी, 15वां वित्त, 16वां वित्त, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक - सासंद निधि, परफॉर्मेंस ग्रांट, राज्य वित्त आयोग, जिला - जनपद निधि, स्टेशरी क्रय आदि योजनाओं के तहत विभिन्न कार्यों हेतु सामग्री क्रय की जाएगी।

**2. निविदा की तिथि:-** निविदाएं 5/4/26 से 10/4/26 तक लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहर बंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं।

**3. निविदा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया:-** निविदा विनिर्दिष्ट जानकारी सहित ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

**4. निविदा के लिए लिफाफा:-** निविदा के लिए लिफाफा कार्यालयीन समय में कार्यालय ग्राम पंचायत भवन में जमा किया जावे एवं डाक द्वारा भेजे गए लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 6 बजे तक ही मान्य किए जाएंगे।

**5. सामग्री सूची:-** निविदा में शामिल सामग्री - सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, रेत, इंट, मिक्सर मशीन, वाइब्रेटर रोलर, वाशबेसिन नल, पेंटिंग कार्य, नल-जल योजना हेतु पाइप, स्ट्रीट लाईट संबंधित सामग्री, स्टेशरी क्रय, पीढ़ा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेनरेटर, परिवहन आदि शामिल हैं।

6. अधिक जानकारी के लिए ग्राम पंचायत से संपर्क करें।

**सरपंच**
**श्रीमति रतनमाला मिरचुले**
**ग्राम पंचायत हरदोली**

**सचिव**
**दिपक डहरवाल**
**ग्राम पंचायत हरदोली**